CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 131 ▫ रायपुर, गुरुवार 5 जून 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98




# छत्तीसगढ़ में बाहरी घुसपैठियों को कठोरता से रोका जाएगा : विजय शर्मा


## बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर एसटीएफ की मंत्रालय महानदी भवन में बड़ी बैठक



**रायपुर,** 5 जून (हाईवे चैनल)। रभारत-पाकिस्तान के बीच तनाव स्थिति निर्मित होते ही देशभर के सभी राज्यों से घुसपैठियों की पहचान की जा रही है. छत्तीसगढ़ में भी लगातार बांग्लादेशी घुसपैठियों को ढूंढकर निकाला जा रहा है. इसी सिलसिले में आज एसटीएफ गृह मंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में नया रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में बड़ी बैठक करने जा रही है. इस बैठक में राज्य के सभी जिलों से स्ज्ञस्न की टीमें शामिल होंगी. इस बैठक को लेकर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बाहरी घुसपैठियों को कठोरता से रोका जाएगा. आने वाले किसी परेशानी की प्रतीक्षा नहीं की जाती.

गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि आज स्ज्ञस्न के हेड की बैठक होगी. हर जिले में संयुक्त ऑपरेशन चलाया जाएगा. साथ ही उन्होंने इस मामले में कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि ये उनके लिए वोट बैंक हैं. इसलिए कांग्रेसी चाहते ही कि घुसपैठिए बाहर आए. बता दें, प्रदेश में घुसपैठियों के आंकड़े देखें, तो राजनांदगांव सबसे अधिक सेंसिटिव है. इसके अलावा रायपुर में भी मिले थे 2 हजार से अधिक संदिग्ध मिले हैं. प्रशासन ने घुसपैठियों की रिपोर्ट तैयार करने के लिए 33 जिलों में स्ज्ञस्न का गठन किया है.

# अनुकम्पा नियुक्ति की याचिका हाई कोर्ट ने की खारिज रजिस्ट्रार जनरल को बनाया था प्रमुख पक्षकार



**बिलासपुर,** 5 जून (हाईवे चैनल)। हाई कोर्ट में कार्यरत कर्मचारी की मौत के 12 साल बाद खुद को मृतक कर्मचारी का बेटा होने का दावा करते हुए युवक ने अनुकंपा नियुक्ति की मांग की. मामले की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने याचिका खारिज कर दिया.

कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता और मृत कर्मचारी के रिश्ते को लेकर विवाद है. इस विवाद का निपटारा करना दायर याचिका के क्षेत्राधिकार से बाहर है. कोर्ट ने मामले के निपटारे के लिए सिविल कोर्ट में मामला दायर करने की छूट दी है. याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को प्रमुख पक्षकार बनाया था. बिलासपुर यदुनंदन नगर निवासी गणेश नायडू हाई कोर्ट में भृत्य के पद पर कार्यरत थे. 16 जून 2010 को सेवा के दौरान इनकी मृत्यु हो गई. पत्नी पूजा नायडू पहले से ही हाईकोर्ट में कार्यरत थीं. पति की मौत के बाद पत्नी पूजा की भी सेवाकाल के दौरान ही मृत्यु हो गई. मां की मृत्यु के बाद बेटी ऋचा नायडू को अनुकंपा नियुक्ति दी गई. बाद में सेवा से हटा दिया गया. उसलापुर निवासी नीलकांत नायडू ने 9 फरवरी 2022 को खुद को गणेश नायडू का पुत्र और आश्रित बताते हुए अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया. 26 मई 2022 को उसका आवेदन खारिज कर दिया गया. आवेदन खारिज होने के बाद नीलकांत ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर पिता की मौत के बाद अनुकंपा नियुक्ति की मांग की. मामले की सुनवाई के दौरान नायडू द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि मृतक कर्मचारी ने अपने नामांकन फॉर्म में पत्नी पूजा नायडू और बेटी ऋचा नायडू को नामांकित किया था. परिवार सूची में याचिकाकर्ता का नाम नहीं था. पूजा नायडू ने हलफनामा देकर कहा था कि गणेश नायडू से उसकी केवल एक बेटी ऋचा है. बाकी बच्चे उनके पति के बड़े भाई के हैं.

याचिकाकर्ता ने इसके जवाब में मृतक कर्मचारी की भाभी उषा मूर्ति का शपथ पत्र प्रस्तुत किया. इसमें बताया गया था कि गणेश नायडू की दो पत्नियां रेशमा और पूजा थीं. याचिकाकर्ता रेशमा से जन्मा बेटा है. ऋचा नायडू को दी गई अनुकंपा नियुक्ति वापस ली जा चुकी है. बाकी बेटियां दावा नहीं कर रहीं, इसलिए उसे नियुक्ति दी जाए. इसके साथ ही 14 जून 2013 के सर्कुलर का हवाला दिया गया जिसमें आश्रित पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति का हकदार बताया गया है. हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि याचिकाकर्ता यह साबित नहीं कर पाया कि मृतक कर्मचारी उसके पिता थे और वह उनका बेटा है. केवल परिवार सूची में नाम होने से नियुक्ति का अधिकार नहीं बनता. पूजा नायडू ने हलफनामें में स्पष्ट किया था कि ऋचा ही उसकी एकमात्र बेटी है, यह हलफनामा सर्विस बुक का हिस्सा है. कोर्ट ने कहा कि मृतक कर्मचारी की मृत्यु के समय पत्नी सेवा में थी, नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति का दावा नहीं बनता.

## ब्रेकिंग न्यूज

### राज्यपाल डेका ने राजीव लोचन का किया दर्शन



**रायपुर,** 5 जून। राज्यपाल रमेन डेका ने गरियाबंद जिले के प्रवास के दौरान आज राजिम में भगवान राजीव लोचन एवं कुलेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना कर देश एवं प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने लोमष ऋषि आश्रम का भी अवलोकन किया।

### लालू यादव अपने 9वीं फेल बेटे को बिहार का राजा बनाना चाहते हैं : प्रशांत किशोर



नई दिल्ली, 5 जून (न्यूज चैनल)। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने गुरुवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख अपने बेटे तेजस्वी यादव को बिहार का राजा बनाना चाहते हैं, जिन्होंने 9वीं कक्षा भी पास नहीं की है, जबकि आम लोगों के बच्चों को स्नातक करने के बावजूद नौकरी नहीं मिल रही है। राजद प्रमुख पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि वह केवल लालू यादव की प्रशंसा कर रहे हैं और लोगों को उनसे सीखना चाहिए कि अपने बच्चों की देखभाल कैसे करें। किशोर ने बिहार के सारण में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें लालू प्रसाद यादव से सीखना चाहिए कि बच्चों की चिंता कैसे की जाती है। लालू जी का बेटा 9वीं पास नहीं कर पाया, लेकिन लालू यादव अपने बच्चे के लिए इतने चिंतित हैं कि वे अभी भी चाहते हैं कि वह बिहार का राजा बने। जब हम ऐसा कहते हैं ।




चूहा- सुनती हो, छ.ग. वक्फ बोर्ड ने एक नया फरमान जारी करते हुए कहा है कि निकाह पढ़ाने के लिए अब ईमाम/मौलान 11 सौ रुपए से ज्यादा नहीं ले सकेंगे।

चुहिया- हां जी, लेकिन इसे देखेगा कौन? डिजीटल लेनदेन तो सब जगह जारी है।

# अयोध्या के राम मंदिर में हुई राम दरबार की स्थापना सीएम योगी ने किया देव विग्रहों का अभिषेक



**नई दिल्ली,** 5 जून (न्यूज चैनल)। रामनगरी के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय उस समय जुड़ गया, जब बृहस्पतिवार को राम मंदिर परिसर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा हुई। सीएम योगी आदित्यनाथ इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। राम दरबार समेत आठ देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर सुबह 11ः25 से 11ः40 बजे तक अभिजीत मुहूर्त में हुई। गंगा दशहरा के दिन इसका सिद्ध योग भी बन रहा था। इसी दिन रामेश्वरम की भी प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इसके पहले सुबह छह बजे से प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू हुआ। सभी देवताओं का पूजन यज्ञमंडप में किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा शुरू होते ही सभी दिशाओं से वैदिक मंत्रों की ध्वनि गूंजने लगी। ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिर प्रांगण में पंडितों, आचार्यों और संतों का समवेत स्वर, शंखध्वनि और हवन की महक ने एक आध्यात्मिक वातावरण रच दिया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति ने इस गरिमामयी क्षण को और भी दिव्य बना दिया। मुख्यमंत्री ने सभी देव विग्रहों का अभिषेक किया। इसके बाद राम दरबार की मूर्ति से आवरण हटाया गया। राजा राम का आभूषणों से भव्य श्रृंगार किया गया। इस दौरान अयोध्या के 19 संत धर्माचार्य भी इस अवसर पर मौजूद रहे। इसके अलावा ट्रस्ट, संघ व विहिप के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इससे पहले सीएम ने हनुमानगढ़ी में भी दर्शन पूजन किया। सीएम तय समय पर सुबह 10.30 बजे अयोध्या पहुंच गए थे। रामकथा पार्क में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों ने उनकी अगवानी की।

## छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस सौरभ कुमार को केंद्र में मिली पोस्टिंग, बनाए गए डायरेक्टर रेवेन्यू



**रायपुर,** 5 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के 2009 बैच के आईएएस सौरभ कुमार के सेंट्रल डेपुटेशन के लिए भारत सरकार ने पोस्टिंग आदेश जारी कर दिया है। उन्हें डायरेक्टर रेवेन्यू बनाया गया है। सौरभ कुमार इस समय नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हैं। सौरभ कुमार दंतेवाड़ा, रायपुर, बिलासपुर और कोरबा जिले के कलेक्टर रह चुके हैं। इससे पहले वे बिलासपुर और रायपुर नगर निगम के कमिश्नर, चिप्स सीईओ का दायित्व निभा चुके हैं। दंतेवाड़ा कलेक्टर रहने के दौरान उन्हें प्रधानमंत्री पुरस्कार प्राप्त हुआ था। सौरव प्रयागराज के मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान से बीटेक करने के बाद यूपीएससी क्लियर कर आईएएस बनें।

## ड्राइवर से 1.30 लाख रुपये लूटकर फरार हुए बाइक सवार बदमाश, सीसीटीवी में कैद हुए आरोपी



**बिलासपुर,** 5 जून (हाईवे चैनल)। जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, वे पुलिस से बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। एक लूट का मामला तारबाहर थाना क्षेत्र से आया है। यहां दिनदहाड़े बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने एक ड्राइवर से झपट्टा मारकर 1 लाख 30 हजार रुपये लूट लिए और मौके फरार हो गए। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। वहीं घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपी कैद हो गए हैं, जिसके आधार पर पुलिस उनकी पतासाजी कर रही है। जानकारी के अनुसार, लोरमी से आए ड्राइवर व्यापार विहार में सामान खरीदने के बाद नगद राशि अपने बैग में रखकर लौट रहा था। जैसे ही वह मुख्य सड़क पर पहुंचा, घात लगाए बैठे दो युवक बाइक से आए और झपट्टा मारकर बैग लेकर फरार हो गए। बैग में 1.30 लाख रुपये थे, जो वह व्यावसायिक उपयोग के लिए लाया था। ड्राइवर ने शोर मचाकर मदद मांगी, लेकिन आरोपी काफी तेज़ी से भाग गए थे।

## वन जंगल में अवैध रेत परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा ( कटघोरा ),** 5 जून (हाईवे चैनल)। वन मंडल कटघोरा के अधीन जंगल में रेत का अवैध परिवहन करते विभाग ने ट्रैक्टर और रेत को जब्त कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार वन अपराध में आरोपी वाहन चालक सुरेन्द्र व. लाल सिंह जाति-गोड़ सा0 भादरा ग्राम पं. झिनपुरी, तह. पोड़ी-उपरोड़ा जिला कोरबा, वाहन मालिक मुरारीलाल जसलवाल सा. कोरबी चौकी कोरबी तह. पोड़ी उपरोड़ा जिला कोरबा से जप्त सामग्री में एक नग ट्रैकर वाहन, ट्रॉली में लगभग 2.000 घन मीटर रेत भरा हुआ और पीपर नंबर में 12656/20 दिनांक 04/06/2015 को स्थान घोघरा नाला कोरबी परिसर में घटना घटी है।वन विभाग ने कारवाई करते हुए भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1) (क), छत्तीसगढ़ बनोपज अधिनियम नियम 2001, निगम-2 के तहत किया है। घटना में आरोपी व्यक्ति वाहन चालक सुरेन्द्र व. लालसिंह निवासी भदरा (झीनपूरी) वाहन मालिक मुरारी लाल जायसवाल के कहने पर उसके राखड़ ईंट भट्?टा में उपयोग करने हेतु कोरबी परिसर के घोघरा नाला में रेत उत्खनन कर ट्राली में भर रहे थे। उसी दौरान वनकर्मी पहुंचे वाहन चालक से पूछताछ करने पर अपना वन अपराध स्वीकार किया गया तथा मौके पर रेत उत्खनन परिवहन के संबंध में अनुमति का कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। वन कर्मियों द्वारा वन अपराध प्रकरण दर्ज कर वाहन का जप्ती किया गया और सुरक्षित स्थान वन आवासीय परिसर मोरगा में रखा गया। वन अपराध पकड़ने में मुख्य वनकर्मी प्रहलाद कुमार सिदार, पंकज खैरवार, अशोक श्रीवास, रामप्रताप कुशवाहा, गंगाराम नेताम, प्रीतम पुराईन एवं सुनील कुमार डिक्सेना की प्रमुख भुमिका रही।






CMYK